**voiceofmp.com**/user/description/Description_control/news_description/325079




**चित्तौड़गढ़। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राजस्थान की डबल इंजन की सरकार द्वारा प्रदेश में विकास के नित नये आयाम स्थापित किये जा रहे है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राजस्थान विकास पथ पर तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। चित्तौडगढ़ विधायक चंद्रभानसिंह आक्या विधानसभा क्षेत्र के ग्राम शिवपुरा में हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड चंदेरिया के सीएसआर मद से निर्मित विभिन्न विकास कार्यो के लोकार्पण अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणो को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड चंदेरिया द्वारा क्षेत्र में विकास कार्य कराये जाने की सराहना करते हुए उम्मीद जताई की विधानसभा क्षैत्र चित्तौड़गढ़ में इस प्रकार का सहयोग हमेशा मिलता रहेगा।**

**विधायक आक्या ने ग्राम शिवपुरा में हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड चंदेरिया के सीएसआर मद से निर्मित सामुदायिक भवन मय चारदिवारी, सीसी रोड, मोक्षधाम में टीन शेड व बैठक स्थल निर्माण, राजकीय विद्यालय में किचन, प्रार्थना स्थल, शेड निर्माण व रंगरोगन कार्यो का उदघाटन किया। इस दौरान उन्होने ग्राम के राजकीय विद्यालय में दो अतिरिक्त कक्षा कक्षो के निर्माण कराने की घोषणा की।**

**इससे पूर्व विधायक आक्या के ग्राम में आने पर ग्रामीणो ने माल्यार्पण कर, पगड़ी पहनाकर व जेसीबी से पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। विधायक आक्या को ग्राम के प्रवेश द्वार से बेंड बाजो व ढोल नगाड़ो के साथ समारोह स्थल पर लाया गया। समूचे रास्ते लोग नाचते गाते चल रहे थे।**

**इस अवसर पर पूर्व प्रधान प्रवीण सिंह राठौड़, पूर्व जिला मंत्री सत्यनारायण मेनारिया, सरपंच गोपाललाल गाडरी, नारायण गुर्जर नगरी, पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष रतनलाल जाट, उप सरपंच गुलाब सिंह, हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड के सीएसआर हेड सुन्दर कुमार, सुनिल सांबला, कामाख्या सिंह, योगेश, लेहरूलाल जाट, देव जाट, मांगीलाल जाट, शंभु सुथार, कालुराम जटिया, रतन सालवी, भेरू लोधा, पोखरदास वैष्णव, चुन्ना गुर्जर, कालु सेन, केलचंद बैरवा, भीम जाट, बालु जाट, रामचंद्र जाट, रतन जाट, छगन लाल जाट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।**

VOICE OF MP August 22, 2025, 3:08 pm